स्वास्थ्य शिविर | सांसद की पहल पर चौरई में हुआ निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

# 1164 मरीजों की निशुल्क जांच कर दवा देकर डॉक्टरों ने दी उचित सलाह

**नवभारत न्यूज, चौरई, 3 अक्टूबर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से लेकर पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी,की जन्म जयंती 25 दिसंबर तक निरंतर 100 दिन 100 स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया इसके अंतर्गत 02अक्टूबर को स्वास्थ्य शिविर का आयोजन चौरई विधानसभा के चौरई में किया गया।**



शिविर में पहुंचे सांसद बंटी विवेक साहू ने आयोजित कार्यक्रम में कहा कि जिले की दूरदराज क्षेत्र की जनता का भी अधिकार है, उन्हें अच्छी स्वास्थ्य की सुविधा मिलेद्य और उनका इलाज अच्छे से हो सके, जब हम शहर में बड़े स्वास्थ्य शिविर लगाते हैं,तो दूरदराज क्षेत्र के ग्रामीणों को इसकी जानकारी नहीं मिल पाती और वे पहुंच नहीं पाते, इसलिए क्यों न हम गांव-गांव पहुंचकर ही उनका इलाज करें और बड़ी बीमारी है तो उनकी स्क्रीनिंग करवाकर जिला अस्पताल या नागपुर व भोपाल पहुंचाकर इलाज कराया जाए।इस इस उद्देश्य को लेकर गांव-गांव में स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए मैं उन्हें धन्यवाद देता हूं।पूर्व प्रधानमंत्री अटल जी की जयंती 25 दिसंबर तक यह निरंतर शिविर चलते रहेगा।उन्होंने कहा कि जिले की जनता ने जो भरपूर आशीर्वाद दिया है तो मेरी भी जिम्मेदारी है कि में उनकी सेवा कर सकूं। देश के प्रधानमंत्री श्री मोदी जी कहते हैं कि मैं प्रधान सेवक हूं। मैं भी छिंदवाड़ा का सांसद नहीं आपका प्रधान सेवक हूं और जनता की परेशानियां और समस्या दूर करते रहूंगा। शिविर में कुल 1164 मरीजों का पंजीयन 1164 हुआ जिसमें मरीजों का उपचार एवं दवा वितरण की गई। इसी के साथ ही अन्य इलाज के लिए कुछ मरीजों को छिंदवाड़ा रेफर किया गया। शिविर में प्रमुख रूप से पूर्व विधायक पं रमेश दुबे, प्रभारी विधानसभा चौरई लखन वर्मा, गंभीर सिंह चौधरी,ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष शैलेन्द्र रघुवंशी, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष जितेंद्र बब्बी चौरे, चाँद मण्डल अध्यक्ष कमेंद्र ठाकुर, सभापति नीलू निर्मलकर,मदन राय,ऋषि पटेल,रोटरी क्लब अध्यक्ष दीपक खंडेलवाल भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक डॉक्टर कृष्णा हरजानी सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# बटकाखापा ग्राम पंचायत में स्थानीय विभिन्न मुद्दों पर हुई ग्रामसभा संपन्न

## हम ग्राम पंचायत में हो रही छोटी-मोटी समस्या का समाधान जल्द करेंगे : ग्राम पंचायत बटकाखापा

**नवभारत न्यूज, बटकाखापा, 3 अक्टूबर, ग्राम पंचायत बटकाखापा में 2 अक्टूबर गांधी जयंती में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती की प्रतिमा पर पुष्पगुच्छ डालकर पूजन पाठ किया गया कुछ समय पश्चात ग्राम पंचायत में सभा ग्राम सभा में ग्राम पंचायत के मुखिया सरपंच योगेंद्र शाह धुर्वे और उप सरपंच दुर्गेश साहू रोजगार सहायक सुनील साहू और पंचायत के पंच - मेंबर की उपस्थिति में ग्राम सभा संपन्न हुई ग्राम सभा में ग्राम पंचायत में विकास के लिए विभिन्न मुद्दों पर बात की गई।**



छोटी-छोटी समस्याओं को लेकर नगर के ग्राम वासियों ने ग्राम पंचायत के मुखिया सरपंच एवं उपसरपंच को अवगत कराया ग्राम पंचायत के सरपंच योगेंद्र शाह और उप सरपंच ने नगर एवं ग्राम की छोटी-छोटी समस्या का समाधान करने के लिए नगरवासियों को आश्वासन दिये और सरपंच ने कहा कि कल से नवरात्रि प्रारंभ होने वाली है सभी स्थानो पर पंचायत के सफाई कर्मी के द्वारा सफाई करने का निर्देश हमने दे दिया है हर पंडालो में प्रति दिन साफ सफाई होगी और हर छोटी-छोटी नगर में हो रही समस्या को ग्राम पंचायत के कर्मचारी एवं हम सभी मिलकर नगर की समस्या का समाधान करेंगे । ग्राम सभा में उपस्थित ग्राम पंचायत सरपंच योगेंद्र शाह धुर्वे उपसरपंच दुर्गेश साहू रोजगार सहायक सुनील साहू और भाजपा महामंत्री हरीश साहू सीताराम बरसिया अप्पू साहू मनोज भलावी शिव कुमार कहार गुड्डू कहार धनीराम साहू संतोष साहू कमलेश कहार दुर्गेश कहार गोविन्द्र मनीराम पत्रकार हरिओम नेमा रविंद्र परिहार एवं महिलाएं विद्या श्रीवास एवं ग्राम नगर के युवा वरिष्ठ जनप्रतिनिधि और पंचायत की कर्मचारी उपस्थित रहे ।

### एक नजर में

## उच्च शिक्षा मंत्री से मिले दमुआ शासकीय महाविद्यालय जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष



**दमुआ।** शुक्रवार सुबह राजा शंकर शाह रघुनाथ शाह यूनिवर्सिटी के प्रथम दीक्षांत समारोह छिंदवाड़ा में आयोजित किया गया जिसमे प्रदेश के महामहिम राज्यपाल मंगूभाई पटेल जीए उच्च शिक्षा मंत्री मध्यप्रदेश शासन माननीय इंदर सिंह परमार जीए कुल गुरु लीला भलावी, छिंदवाड़ा सांसद विवेक बंटी साहू , भाजपा जिला अध्यक्ष शेषराव यादव प्रधानमंत्री एक्सीलेश कालेज के जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष भरत घई की गरिमामई उपस्थिति में संपन्न हुआ इस अवसर पर दमुआ जनभागीदारी के अध्यक्ष दिलीप गोहे ने उच्च शिक्षा मंत्री जी से दमुआ में विज्ञान गणित विषय खोलने महाविद्यालय के नामकरण एवम अन्य विषय में चर्चा की जिस पर माननीय उच्च शिक्षा मंत्री ने आश्वस्त किया कि जल्द ही दमुआ महाविद्यालय अवगत कराए सारे विषयो पर मध्यप्रदेश शासन की ओर से क्रियान्वन होगा।

## लखनऊ गोला गोकर्णनाथ, कवि समागम में सम्मानित हुए शिक्षक मनीष तारण



**अमरवाड़ा।** जगत जननी मातेश्वरी एवं जगदेव बाबा की पावन नगरी अमरवाड़ा, की प्रतिष्ठित नागरिक श्री बलराम जैन के सुपुत्र, सर्वगुण संपन्न, बहुमुखी प्रतिभा के धनी, शिक्षक एवं कवि मनीष जैन तारण.. जो माध्यमिक शिक्षक के रूप में हायर सेकेंडरी स्कूल में पदस्थ ..आपके द्वारा लखनऊ उत्तर प्रदेश में स्थित तीर्थ क्षेत्र गोला गोकरननाथ में कपिलस फाउंडेशन के बैनर तले आयोजित, (7 दिवसीय लगातार 150 घंटे कविसमागम) अखिल भारतीय कवि समागम का आयोजन किया गया, जिसमें भारत देश के कोने-कोने से आए, अनेक राज्यों, जिलों ,के कवियों के द्वारा अनवरत 154 घंटे, 16 मिनट 33 सेकंड काव्य पाठ किया गया ,जिसके अंतर्गत 14 प्रदेशों से उपस्थित 678 कवियों द्वारा काव्य पाठ किया गया, साथ ही वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया गया, जिसमें राजस्थान, मध्य प्रदेश ,उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, एवं अन्य जगह से नामचीन कवियों के द्वारा गीत, कविता, गजल, के माध्यम से अपनी प्रस्तुति दी गई, अमरवाड़ा के शिक्षक एवं कवि मनीष जैन के द्वारा नशा मुक्ति अभियान, समग्र स्वच्छता अभियान, एवं बेटी बचाओ अभियान, के अंतर्गत कविता का वाचन किया, गया जिससे समस्त कवि समुदाय मंत्र मुक्त हो गया, श्री जैन की इस प्रस्तुति पर कपिलस फाउंडेशन के द्वारा विश्व रिकॉर्ड मैं सहभागिता सम्मान पत्र अंग वस्त्र शॉल एवं श्रीफल से सम्मानित किया गया, कार्यक्रम में कुलपतिअरुणेश मिश्र, कार्यक्रम संरक्षक विनय तिवारी, विजय शुक्ल रिंकू, आनंद त्रिवेदी, कार्यक्रम संयोजक यतीश चंद्र शुक्ल, पहलाद पटेल, डॉक्टर बीबीधुरिया, आदि ने अपनी अपनी व्यवस्थाएं संभाली।

## केन्द्रीय संचार ब्यूरो ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत किये पौधारोपण

**छिंदवाड़ा।** पर्यावरण के संतुलन को बनाए रखने और मानव जीवन को संरक्षित करने के लिए हम सभी को एक जुट होकर अधिक से अधिक पौधों का रोपण करना होगा द्य पौधारोपण को बढ़ावा देने के लिए केंद्र शासन की पहल पर केन्द्रीय संचार ब्यूरोए क्षेत्रीय कार्यालय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार छिन्द्वाडा द्वारा एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत रेल्वे कालोनी स्थित बाल उद्यान में शीशमए कटहलए करंजए अशोकए चीकू आदि पौधों का रोपण दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे जोन के सदस्य सतेन्द्र ठाकुर, रेल्वे स्टेशन प्रबंधक हेमराज मीणा, प्रचार अधिकारी राम सहाय प्रजापति, सीएचआई आशीष अल्डकए, राज किशोर तिवारी, विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य श्यामल राव, दीपक राजपूत, जागेन्द्र सोलंकी, साहेंद्र पाल, एनवायके के प्रतिनिधि राहुल बानियाए विनोद डेहरिया सहित गणमान्यजनों की उपस्थिति में किया गया द्य इस अवसर पर सभी ने पौधों को संरक्षित रखने का संकल्प लिया द्य इस अवसर पर प्रचार अधिकारी राम सहाय प्रजापति ने कहा की भावी पीढी को सुरक्षित रखने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक पेड़ लगाना चाहिए और उसका संरक्षण करना चाहिए द्य तभी हम अपने आने वाली पीढ़ी को सुरक्षित जीवन दे सकते हैं।

# अग्नि वीर के लिए चयनित महाविद्यालय के क्रेडिट का हुआ सम्मान

**नवभारत न्यूज, जुन्नारदेव, 3 अक्टूबर, शासकीय महाविद्यालय जुन्नारदेव के एनसीसी कैडेट्स का अग्निवीर में चयन के उपरांत सम्मान समारोह प्राचार्य डॉक्टर वाय के शर्मा एवं महाविद्यालय परिवार द्वारा आयोजित किया गया।**



जिसमें कैडेट सुनील यदुवंशी, संजय यदुवंशी एवं लाल बाबू यदुवंशी का महाविद्यालय परिवार में जोरदार स्वागत किया एवं सुनहरे भविष्य के लिए अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की गई। कार्यक्रम में डॉ संगीता वाशिंगटन, प्रो आर डी वाडिवा, डॉ के सोनगरा के द्वारा अन्य क्रेडिट को भी रक्षा क्षेत्र में जाने के लिए प्रेरित किया गया। गौरतलब हो कि इसके पूर्व भी एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट मोहम्मद आबिद के कुशल मार्गदर्शन में एनसीसी के कैडेट अग्निवीर हेतु चयनित हो चुके हैं इस वर्ष भी तीन विद्यार्थियों का चयन होना महाविद्यालय सहित एनसीसी इकाई के लिए गौरव की बात है।

# सफाई मित्रों का सम्मान समारोह आयोजित

**नवभारत न्यूज, दमुआ, 3 अक्टूबर, स्वच्छ भारत मिशन एवं अमृत योजना के अंतर्गत रु685 करोड़ की परियोजना का भूमिपूजन एवं लोकार्पण का कार्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा वर्चुअल मध्यम से किया गया।**



क्रम के साथ शिलान्यास कार्यक्रम का लाइव प्रसारण मंगल भवन दमुआ में संपन्न हुआ तत्पच्यात स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा तहत आयोजित विशेष स्वच्छता अभियान का महोत्सव का कार्यक्रम नगर पालिका दमुआ द्वारा 02 अक्टूबर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के जन्मदिवस के अफसर में सफाई मित्र स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत बीते दिन 12 बजे नगर पालिका कार्यालय प्रांगण के मंगल भवन में आयोजित किया गया कार्यक्रम के प्रारंभ में नपा अध्यक्ष एवं मुख्य उपाध्यक्ष द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी एवं पूर्व प्रधान मंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की छायाचित्र का पूजन कर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम में 29 स्वच्छता सैनिकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। निकाय के स्वर्ग रथ चालक एवं डोर टू डोर कचरा संग्रहण चालकों को भी सम्मानित किया गया कार्यक्रम में सर्वप्रथम नपा मुख्य अधिकारी द्वारा संबोधित करते हुए शासन के कार्यक्रम की रूप रेखा साझा की गई नपा अध्यक्ष द्वारा अपने उद्बोधन में सफाई मित्रो को सम्मान कर उनके उत्कृष्ट कार्यों की सहारना की गई इसी क्रम में कार्य को बड़ावा देते हुए नगर पालिका के माध्यम से स्वच्छता रैंकिंग का कार्य किया गया था जिसमे 6 केटागिरी में स्वच्छता रैंकिंग कराई गई थीं जिसका परिणाम घोषित कर प्रथम दिृतीय एवं तृतीय श्रेणी में आए संस्थानों को भी दमुआ मंगल भवन में सम्मानित किया गया।

# महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस मनाया

## वृद्ध जनों का सम्मान करें वह परिवार की धुरी : डॉ.अहिरवार

**नवभारत न्यूज, बिछुआ, 3 अक्टूबर, शासकीय महाविद्यालय बिछुआ में 1अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध जन दिवस मनाया गया महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.आर पी यादव के संरक्षण में एवं आइक्यूएसी संयोजक डॉ.पूजा तिवारी के समन्वय में संपन्न हुआ।**




मुख्य वक्ता के रूप में समाजशास्त्र विभाग से डॉ. संतोष उपाध्याय ने बताया कि तेजी से बदलते सामाजिक परिवेश एवं नव युवको में आधुनिकता वृद्धि एवं युवाओं की वैचारिक भिन्नता उनके बीच दूरी का कारण है जिसको दूर किए जाने की आवश्यकता है साथ ही डॉ.अनिल अहिरवार ने कहा कि परिवार एवं समाज के सभी सरोकारों में उनके अनुभव एवं ज्ञान का उपयोग करते हुए उन्हें सम्मानित कर परिवार एवं समाज में भावनात्मक रूप से जोड़ने की आवश्यकता है इसके पश्चात डॉ.शशि उईके ने कहा कि परिवार में वृद्ध जनों का विशेष रूप से ख्याल रखना चाहिए एवं उनको प्यार एवं सम्मान देना चाहिए साथ ही छात्र-छात्राओं ने भी अपने विचार व्यक्त किया।

## लवेक संघ ने मनाई गांधी जयंती

**छिंदवाड़ा।** मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ जिला शाखा छिंदवाड़ा द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती के अवसर पर संघ के प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर जिला छिंदवाड़ा में फवारा चौक के पास गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर रघुपति राघव राजा राम धुन गाते हुए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी को याद किया गया एवं उनके द्वारा बताएं गए मार्ग का अनुसरण करते हुए कर्मचारियों की जायज मांगों के निराकरण कर मांगे मंगवाने हेतु चर्चा की गई इस अवसर पर जिला शाखा के पूर्व सचिव एवं मार्गदर्शन नारायण ढाकने, संभागीय निरीक्षण समिति अध्यक्ष दीपक सावनेरे, जिला शाखा कोषाध्यक्ष राजू काकोड़िया उपस्थित थे।

# तामिया खेड़ापति मंदिर में निकाली गई कलश यात्रा



**नवभारत न्यूज, तामिया, 3 अक्टूबर, माता मंदिर मूर्ति स्थापना को लेकर निकाली गई कलश यात्रामाता मंदिर में गुरुवार को घट स्थापना कर मां दुर्गा की पूजा-अर्चना की गई।**

इससे पहले खेड़ापति मंदिर से गणेश पूजा के साथ कलश यात्रा निकाली गई, जो गांव के मुख्य मार्गों से होती हुई धोनी वाले मंदिर श्री हनुमान मंदिर ग्राम पंचायत तामिया से खेड़ापति माता मंदिर पहुंचकर समापन हुआ माता मंदिर पहुंची। विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम होंगे।

## अमरवाड़ा में जपं अध्यक्ष का चुनाव आज

**अमरवाड़ा।** अमरवाड़ा में जनपद पंचायत के अध्यक्ष पद के चुनाव को लेकर अब सरगर्मियां तेज हो गई है और इस समय जनपद सदस्यों के साथ मान मनोबल का दौर भी जारी है और ऐसे में अध्यक्ष पद को लेकर जो प्रत्याशी हैं उनकी धड़कनें तेज हो गई है। 4 अक्टूबर शुक्रवार को जनपद पंचायत अमरवाड़ा के सभागृह में जनपद पंचायत के अध्यक्ष पद का चुनाव होना है। जिसको लेकर प्रशासनिक स्तर पर भी तैयारी पूरी कर ली गई हैं। शुक्रवार को होने वाले निर्वाचन को लेकर वोटिंग काउंटर के अलावा 18 जनपद सदस्यों के बैठने की व्यवस्था की गई है। यातायात बाधित न हो इसके लिए कैंपस में बैरिकेडिंग के साथ पर्याप्त सुरक्षा बलों की भी तैनाती की गई है।

# छिंदवाड़ा की बेटी को राज्यपाल द्वारा गोल्ड मेडल से किया गया सम्मानित

**नवभारत न्यूज, अमरवाड़ा। छिंदवाड़ा की बेटी किरण जंघेला को राजा भोज विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में राज्यपाल द्वारा गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें शिक्षा में अधिगम अक्षमता के क्षेत्र में राजा भोज विश्वविद्यालय से प्रथम स्थान पर स्नातक (बी.एड) की डिग्री प्राप्त करने के लिए मध्य प्रदेश के राज्यपाल द्वारा दिया गया।**



किरण की प्रारंभिक शिक्षा जवाहर नवोदय विद्यालय अमरवाड़ा छिंदवाड़ा से हुई है। किरण के पिता श्री एचएल जघेला सेवानिवृत शिक्षक हैं। वर्तमान में किरण पुणे में बतौर मनोविज्ञान काउंसलर के पद पर कार्यरत हैं।यह उपलब्धि किरण ने नौकरी और परिवार को संभालते हुए प्राप्त की है। यह उनके समर्पण, दृढ़ संकल्प और मेहनत का अद्भुत उदाहरण है,जो उनके व्यक्तिगत और व्यावसायिक जीवन के संतुलन को दर्शाता है। किरण ने अपनी सफलता का श्रेय अपने पति मोहित ठक्कर,परिवारजनों और शिक्षकों को देते हुए कहा, ÷मेरे शिक्षकों ने हमेशा मुझे प्रेरित किया और मेरे परिवार ने हर कदम पर मेरा समर्थन किया।किरण का मानना है कि शिक्षा समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का एक महत्वपूर्ण उपकरण है। उन्होंने अपने प्रयासों से साबित कर दिया है कि कठिनाइयों के बावजूद, दृढ़ निश्चय और मेहनत से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। किरण की इस उपलब्धि पर समस्त परिवार और मित्रों ने शुभकामनाएँ दी। उनकी यह सफलता न केवल उनके लिए बल्कि पूरे ज़िले के लिए गर्व का विषय है।

बैठक | पूर्णता प्रतिबंध : सर्व सहमति से दुर्गा विसर्जन के दौरान गुलाल फेंकने पर पूर्णत प्रतिबंध लगाया गया

# बटकाखापा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक सम्पन्न

**नवभारत न्यूज, बटकाखापा, 3 अक्टूबर, थाना प्रांगण बटकाखापा में नवरात्रि पर्व को देखते हुए शांति समिति की बैठक आयोजित की गई जिसमें जनप्रतिनिधि और पुलिस विभाग राजस्व विभाग के द्वारा सर्व सहमति से दुर्गा विसर्जन के दौरान गुलाल फेंकने पर पूर्णत प्रतिबंध लगाया गया है ।**




सभी की सहमति से शांति समिति की बैठक में गुलाल फेंकने पर सहमति भी जताई गई सिर्फ दुर्गा विसर्जन के दौरान तिलक लगाने की बात रखी गई । नगर के गणमान्य नागरिक एवं जनप्रतिनिधियों से नवरात्रि पर्व को शांतिपूर्ण बनाने एवं श्री दुर्गा मूर्ति विसर्जन की अपील की गई । और पुलिस द्वारा दिशा निर्देश भी दिया गया कि सभी शांति एवं सौहार्दपूर्ण मनाये नवरात्रि पर्व और सभी शासन प्रशासन के दिए हुए आदेश - निर्देशों का पालन करे सभी जनप्रतिनिधियों ने कहॉ हम दिए गए शासन प्रशासनो के आदेश निर्देशों का पालन करेंगे और शांतिपूर्ण नवरात्रि का पर्व मनाएंगे ।

### शांति समिति की बैठक में मौके पर जनप्रतिनिधि और पुलिस और राजस्व उपस्थित

बटकाखापा पुलिस एएसआई कमल सिंह ठाकुर प्रधान आरक्षक हेमंत कुमरे आरक्षक टीकाराम ऊईके आरक्षक आशीष ग्राम पंचायत सरपंच योगेंद्र शाह रोजगार सहायक सुनील साहू भाजपा महामंत्री हरीश साहू लक्ष्मण साहू अनिल जायसवाल रविंद्र परिहार गणेश श्रीवास घनश्याम कहार जगदीश नागवंशी शशांक कहार मनोज भलावी पिंकू गुप्ता दुर्गेश यादव दिनेश नामदेव सीताराम बरसिया बिट्टू पांडे देवेंद्र थनवार (दिब्बू ) टेंट वाले पिंटू साहू हनीफ खान व एमपीआरडीसी सड़क कर्मचारी धर्मेंद्र त्रिपाठी बिजली विभाग कर्मचारी सांवलेकर राजस्व विभाग विजय धुर्वे पटवारी और बाबू विकास भलावी और जनप्रतिनिधि एंव नगरवासी और पत्रकार हरिओम नेमा उपस्थित रहे ।

## नाम परिवर्तन सूचना

मैं शपथकर्ता द्व सिद्धार्थ थनेसर पिता श्री प्रकाश थनेसर आयु 34 वर्ष निवास पानी की टंकी के पास वार्ड क्रमांक 23 खिरकापुरा छिंदवाड़ा मध्यप्रदेश का निम्न कथन शपथपूर्वक कथन करता हूं कि,

1, यह कि उपरोक्त पते पर निवास करता हूं,

2, यह की मेरे 10 वी की अंक सूची में मेरा नाम सिद्धार्थ पिता प्रकाश थनेसर दर्ज है एवम् मेरे अन्य प्रपत्रों में आधार कार्ड आदि में मेरा नाम सिद्धार्थ थनेसर पिता प्रकाश थनेसर है।

3, यह की मेरा नाम सिद्धार्थ थनेसर एवम् सिद्धार्थ यह दोनो नाम मेरे स्वयं के ही व्यक्तिगत नाम है जो की सत्य व सही है।

अतः पासपोर्ट में मेरा नाम सिद्धार्थ थनेसर पिता प्रकाश थनेसर अंकित कराए जाने हेतु शपथ पत्र प्रस्तुत।